# NATIONAL SKILL TRAINING INSTITUTE

SHANTINAGAR, TARSALI, VADODARA. (FOR WOMEN)

DATE : COSMETOLOGY PAGE NO : 1

# TATTOO

* Definition :- टैटू शरीर की एक स्थायी तरह की कला है, सुई के साथ त्वचा को पंचर करके और स्याही, रंजक और पिगमेंट को त्वचा की गहरी परत में डालकर एक डिजाइन बनाया जाता है।

टैटू मैन्युअल रूप से किया जाता है - अर्थात् टैटू कलाकार एक सूई के साथ त्वचा को पंचर करेगा और हाथ से स्याही इंजेक्ट करेगा, यद्यपि यह प्रक्रिया अभी भी दुनिया के कुछ हिस्सों में उपयोग की जाती है, लेकिन पेशेवर टैटू कलाकार टैटू मशीनों का उपयोग करते हैं, एक टैटू मशीन सूई को ऊपर और नीचे की त्वचा में जमा करती है।

अगर आप टैटू बनवाने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको समझना चाहिए कि टैटू का स्थायी रूप है, टैटू हटाना मुश्किल बहुत और महंगा है और देखा जाये तो टैटू पूरी तरह से हटाया नहीं जा सकता है, लेकिन वर्तमान में कुछ आर्टिफिसियल टैटू भी है जिसे आसानी से निकाला जाता है इसलिए चाहे तो आप परमानेंट या अस्थायी टैटू बनवा सकते है।

टैटू बनवाने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपने अपने सभी टीकाकरण किया है या नहीं (विशेष रूप से हेपेटाइटिस बी और टेटनस शॉट्स) दिल का रोग, एलर्जी, मधुमेह, त्वचा की समस्याएं जैसे एक्जिमा या सोरायसिस कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली या रक्तस्राव जैसे कुछ बीमारी को टैटू बनवाने से पहले अपने डॉक्टर से चेक कर लीजिये, इसके अलावा यदि आपको केलोइड्स (स्कार टिशू का अतिवृद्धि) मिलता है तो आपको संभवतः टैटू नहीं बनाना चाहिए।

टैटू बनवाने के लिए हमेशा अच्छा स्थान चूनें।

* टैटू बनवाने की प्रक्रिया ~~क्या~~ है:-

- यह सुनिश्चित करें और देखें, टैटू कलाकार को अपने हाथों को जीवाणुरहित साबुन और पानी से धोना चाहिए और साफ ताजा दस्ताने (और संभवतः एक सर्जिकल मास्क चाहिए)

- टैटू वाले क्षेत्र को साबुन से धोया जाता है, कलाकार आपकी त्वचा पर डिजाइन खींचेगा या स्टैंसिल करेगा।

- टैटू वाले क्षेत्र को फिर एंटीसेप्टिक से साफ किया जाता है, पेट्रोलियम जेली जैसे मलहम की एक पतली परत लागू होती है।

- फिर बाँझ सुई के साथ एक टैटू मशीन का उपयोग करते हुए, टैटू को डिजाइन करना शुरु कर देगा।

- कलाकार डिजाइन और वांछित प्रभाव के आधार पर सूइयों को बदल सकता है, इसलिए सभी सुई एकल उपयोग वाली या निष्फल होनी चाहिए।

* टैटू की देखभाल :-

- २४ घंटे के लिए क्षेत्र पर एक पट्टी रखें।

- २४ घंटे के बाद पट्टी हटा दें और टैटू ~~को~~ को हवा के लिए खुला रखें।

- टैटू वाले क्षेत्र को छूने से बचें और बनने वाली किसी भी पपड़ी ना चुनें।

- कपड़े ऐसे पहने जो टैटू के बिल्कुल ना चिपकें।

- टैटू को गर्म पानी से धोयें।

- शराब या पेरोक्साइड का उपयोग ना करें।

- टैटू को सुखाने के लिए नरम तौलिये का उपयोग करें।

- एक सप्ताह के लिए दिन में २ से ३ बार टैटू के लिए एंटीबायोटिक मरहम, मोटी त्वचा क्रीम या विटामिन ई तेल लगायें।

- पेट्रोलियम जैली का प्रयोग ना करें।

- टैटू को पानी में नहीं भिगोये।

- टैटू को धूप से तब तक बचाकर रखें जब तक वह पूरी तरह से ठीक न हो जाए।

- टैटू को आमतौर पर ठीक होने में लगभग 2 सप्ताह लगते है, पूरी तरह से ठीक होने के बाद भी 30 की न्यूनतम सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) वाला सनस्क्रीन use करें। यह न केवल आपकी त्वचा की रक्षा करता है बल्कि टैटू को लुप्त होने से बचाने में मदद भी करता है।

* टैटू बनवाने से पहले और बाद में रखी जाने वाली सावधानियां:-

- टैटू बनवाने से (पहले) एक रात पहले कभी भी अल्कोहल या फिर कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि ये दोनों ही चीजें हमारे blood को पतला करती है। अगर आप इस सावधानी का पालन नहीं करते हैं तो टैटू बनवाने के दौरान खून बहने का खतरा पहले से कहीं ज्यादा हो सकता है।

- टैटू बनवाने के लिए कम से कम एक हफ्ते पहले से जमकर पानी पिएं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरान कम से कम दो लीटर पानी रोज पीना चाहिए। ज्यादा पानी पीने से न सिर्फ हमारी स्किन हेल्दी बल्कि मुलायम भी रहती है।

- टैटू बनवाने के लिए जाने से पहले हमेशा पेट भरकर खाना खा लें। इससे पूरे सेशन के दौरान आप चैतन्य बने रहेंगे और आपको आलस नहीं आएगा। इस काम से आपको टैटू बनवाने के दौरान दर्द भी कम होगा।

टाइट फिटिंग के कपड़े न पहनें-
टैटू बनवाने से पहले ऐसे कपड़े पहनें जो शरीर पर लूज फिटिंग के हों, जिससे टैटू बनवाने के बाद उन्हें पहनने में दर्द होने की समस्या न आए।

(1) टैटू को ढकना ना भूलें:-
इंफेक्शन से बचने के लिए अक्सर इन्हें पट्टी, बैंडेज या क्लिंग रैप से कवर कर दिया जाता है। पट्टी से ढकने के कुछ घंटे बाद टैटू की सफाई के लिए सबसे पहले अपने हाथों को एंटी बैक्टीरियल साबुन से साफ करें। टैटू को हल्के गुनगुने पानी से धोएं लेकिन किसी भी कपड़े से जोर से बिल्कुल न रगड़े। टैटू को तौलिए से हल्के हाथों से थपथपाते हुए सुखाएं।

(2) टैटू पर बनाए रखें नमी:-
टैटू पर लगाने के लिए कोई लोशन, क्रीम या पेट्रोलियम जैली लगाने की सलाह देते हैं, उनकी सलाह सुने और धैर्य बनाए रखते हुए अमल करें। कम से कम दो हफ्ते तक स्किन पर मॉइश्चराजर अवश्य लगाये।

(3) धूप में निकलने से बचें-
हानिकारक कैमिकल और सूर्य की अल्ट्रावायरलेट किरणों के रेडिएशन से बचाए रखा जाए। धूप में जाने से पहले सनस्क्रीन अवश्य लगाऐं। कम के से कम 2 हफ्ते तक हो सके तो धूप में नहीं निकलें।

(4) टैटू को भिगोने से बचें:-
पानी में गीला होने से कोई नुकसान नहीं होता है लेकिन टैटू को काफी देर तक पानी में डूबो कर रखने से नुकसानदायक हो सकता है। साबुन का यूज भी नहीं करें। हो सके जहां तक कम से कम तीन हफ्ते तक य टैटू को पानी में भीगोने से बचें। स्नान करते समय प्रोटेक्शन क्रीम यूज करें।
पानी में ना भीगोने से टैटू काफी सालों तक चमकदार बना रहता है।

* **How To Remove Tattoo** :→ Tattoo रिमुवल के लिए मुख्य रूप से तीन प्रमुख टेक्निक यूज की जाती है –

1. लेसर सर्जरी [ Laser Surgery ]
2. सर्जरी से हटाना [ Surgical Removal ]
3. डर्माब्रेशन [ Dermabrasion ]
4. ओवरलैपिंग [ Overapping ]

- इसके अलावा, छोटे टैटू के उपर बड़ा टैटू बनाकर उसे ढकना या ओवरलैप करना भी एक तरीका हो सकता है। लेकिन कुछ मामलों में ये कारगर होता है तो कुछ में नहीं होता है।

* **How Difficult is it to Remove Tattoos** :→ Tattoo बनवाते समय स्याही स्किन की टॉप लेयर के नीचे प्लेस होती है। यही बात टैटू रिमूवल को महंगा और मुश्किल बना देती है।

- टैटू हटवाने के लिए स्किन रोग विशेषज्ञ / डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह से ही हटवाये।

- कभी भी टैटू स्वयं से ना हटाये।

* **How To Prepare Yourself** :– अगर आप टैटू हटवाने का मन बना चुके हैं, तो सबसे पहले डर्मेटोलॉजिस्ट से सलाह लें। वही ये भी तय कर सकते है कि आपके टैटू को हटाने के लिए कौन सा विकल्प सही रहेगा।

- छोटे टैटू को लेस सर्जरी के जरिए हटवाया जा सकता है। लेकिन बड़े टैटू इतने आसानी से नहीं निकलते है।

* Tattoo Removal Techniques And Procedures :-

(i) Laser surgery :- इस टेक्निक में क्यू स्विच्ड लेसर्स से सिंगल लेकिन शक्तिशाली पल्स निकलती है। ये टैटू हटवाने की सबसे लोकप्रिय और प्रभावी टेक्निक भी है। इसी टेक्निक में एक स्पेशल टाइप का लेसर भी इस्तेमाल किया जाता है जिसे क्यू स्विच्ड एनडी : यैग लेसर कहा जाता है।

इसे गहरे रंग वाली त्वचा पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे स्किन का पिग्मेंट स्थायी रूप से नहीं बदलता है।

- लेसर ट्रिटमेंट से पहले, स्किन को लोकल एनेस्थीसिया की मदद से सुन्न कर दिया जाता है। इसके बाद लेसर की शक्तिशाली पल्स से टैटू को गर्म किया जाता है और टैटू की इंक के पैच को तोड़ दिया जाता है। अगर टैटू मल्टीकलर है तो आपको कई लेसर और अलग - अलग वेवलेंथ वाले लेसर से उपचार करवाना पड़ सकता है।

- उपचार के बाद, संभव है कि उस जगह पर आपको सूजन, खून निकलने या छाले पड़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एंटी बैक्टीरियल मलहम इसमें आपको राहत पहुंचा सकते हैं। इस प्रक्रिया में टैटू का रंग हल्का करने में 6 महीने से भी ज्यादा वक्त लगता है।

- कई मामलों मामलों में टैटू को पूरी तरह से हटा पाना संभव नहीं हो पाता है। तो कुछ मामलों में हल्के धब्बे जैसे छूट जाते हैं। मार्केट में इस लेसर थेरेपी से टैटू हटवाने के लिए 2000 रुपये प्रति इंच तक खर्च करने पड़ सकते हैं। लेकिन ये टैटू हटवाने का सबसे भरोसेमंद तरीका है।

(2) Surgical Removal :→ सर्जरी से टैटू हटवाने के दौरान, स्किन को लोकल एनेस्थीसिया की मदद से सुन्न कर दिया जाता है। इसके बाद टैटू को सर्जिकल ब्लेड की मदद से हटा दिया जाता है। इसके बाद स्किन के किनारों को वापस सिल दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया के बाद डॉक्टर एंटी-बैक्टीरियल मरहम लगाकर पट्टी बांध देते हैं।

- सर्जरी से टैटू हटवाना या सर्जिकल टैटू रिमूवल कारगर है, लेकिन ये कई बार निशान छोड़ जाता है। इसलिए ये सिर्फ छोटे टैटू के लिए ही कारगर तरीका है।

* Dermabrasion :→ डर्माब्रेशन के दौरान, टैटू वाले एरिया को सुन्न होने की हद तक ठंडा किया जाता है। इसके बाद एक तेज स्पीड वाले रोटरी डिवाइस से टैटू वाले एरिया को घिसा जाता है। ये घिसाई स्किन की भीतरी परतों तक की जाती है। इससे टैटू की स्याही स्किन से बाहर निकल जाती है। अगर मोटे तौर पर कहें तो इस टेक्निक में उस स्किन को ही घिसकर हटा दिया जाता है जिसमें टैटू की स्याही मौजूद होती है।

- इस प्रक्रिया के बाद स्किन के प्रभावित हिस्से में कई दिनों तक सूजन रह जाती रह सकती है। इसे ठीक होने में दो से तीन हफ्ते का वक्त भी लग सकता है। लेकिन इसके नतीजों के सटीक होने के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।


कई बार ये प्रक्रिया उतनी प्रभावी साबित नहीं हो पाती है। लेकिन कई बार लोग लेसर के साथ इस टेक्निक को भी आजमाने की की कोशिश करते है। लेकिन अनिश्चित नतीजों की वजह से ये टेक्निक इतनी पॉपुलर नहीं है।


* Overlapping :→ इस टेक्निक में सफलता के चांस अन्य किसी भी टेक्निक से ज्यादा होते है। लेकिन इसकी सफलता पूरी तरह से टैटू आर्टिस्ट के हुनर पर ही निर्भर करती है। इस टेक्निक में छोटे टैटू को बड़े आकार के डिजाइनर टैटू से छिपा दिया जाता है। इसमें सफलता की दर 100% होती है। लेकिन टैटू के बढ़ते आकार के साथ सफलता का रेट भी कम होता जाता है।

* Conclusion :→ टैटू परमानेंट होते है। टैटू को पूरी तरह से हटाना बहुत मुश्किल है। टैटू हटवाने पर स्किन का रंग बदलने या स्थायी धब्बा पड़ने जैसी समस्याएं हो सकती है। फिर चाहे आप टैटू हटवाने के लिए किसी भी तरीके का इस्तेमाल क्यों न करें।

* टैटू के उपकरणों का चयन :→ आपको ग्राहको के लिए शेविंग सप्लाई, डिजाइन के लिए स्टेंसिल और बहुत सारे सेनिटरी आइटम etc.

- टैटू गन
- नीडल
- इंक
- बीएड एंड स्टोल
- मिरर
- पेपर टॉवेल्स
- हेल्थ एंव सेफ्टी इक्विपमेंट
- डिस्पोजेबल










300-35000rpm



